# गंज मंडी कॉम्प्लेक्स का टेंडर फाइनल, एग्रीमेंट के बाद शुरू होगा काम

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 10 सितंबर. लागत बढने और बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदलने के चलते अधूरे पड़े गंज मंडी कॉम्पलेक्स के पूरे होने की आस एक बार फिर जागी है।**

**ड्राईंग-डिजाइन में बार-बार बदलाव से हुई देरी**

**11 साल पहले शुरू हुआ था कॉम्प्लेक्स का काम**

हालांकि बैतूल जिले का यह इकलौता मंडी कॉम्पलेक्स है, जिसके निर्माण में हर स्तर पर रुकावटें आई हैं, चाहे वह लागत बढने की हो या फिर ड्राइंग डिजाइन बदलने की या फिर राजनीतिक उलटफेर हों, हर स्तर पर रुकावटों का सामना कर रहे इस अधूरे मंडी कॉम्पलेक्स से सबसे ज्यादा नुकसान उन व्यापारियों का हुआ है जो गंज मंडी कॉम्पलेक्स के पूरा होने की लगभग 11 साल से आस लगाए बैठे हैं। दरअसल गंज में बनने वाला बहुमंजिला काम्प्लेक्स का निर्माण 11 साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन यह बहुमंजिला काम्प्लेक्स अभी भी अधूरा ही है। जानकारों द्वारा इसके पीछे मुख्य कारण, पिछले 11 वर्षों में इस कॉम्प्लेक्स की ड्राइंग व डिजाइन चार बार बदली जाना बताया जा रहा है। जब 11 वर्ष पूर्व मंडी कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना बनाई थी, तब इसकी लागत करीब साढ़े नौ करोड़ रूपये थी, जो अब बढकर दोगुनी तक पहुंच गई है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि इस काम्प्लेक्स के लिए नपा को चौथी बार ड्राइंग डिजाइन बदलना पड़ा है। काम्प्लेक्स की बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदलने से पुराने ठेकेदार ने बीच में ही काम छोड़ दिया था।



**टीन शेड और तारपोलिन में लग रही दुकानें :** जब से गंज मंडी कॉम्पलेक्स का निर्माण शुरू हुआ है तभी से गंज का बाजार बुरी तरह से अव्यवस्थित हो गया है। कॉम्पलेक्स में जिन व्यापारियों ने दुकानें ली हैं, वे फिलहाल अव्यवस्थित रूप से लंबे समय से व्यापार करने को मजबूर हैं, कोई तारपोलिन लगाकर तो कोई टीन की टपरी में अपनी दुकान संचालित कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब लंबा समय बीत जाने के बाद व्यापारियों के भी सब्र का बांध फूट रहा है। आक्रोशित व्यापारियों का कहना है कि कभी लागत बढ़ रही है, तो कभी ड्राइंग डिजाइन बदली जा रही है। कभी राजनीति अड़ंगा लगाया जा रहा है, लेकिन व्यापारियों की सुविधाओं को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है, इसलिए गंज के व्यापारी जनप्रतिनिधियों से भी कई बार मिलकर मंडी कॉम्पलेक्स निर्माण पूरा करने की गुहार लगा चुके हैं।

> गंज मंडी कॉम्प्लेक्स के लिए 15 करोड़ की लागत से कंस्ट्रक्शन का ठेका भोपाल की कंपनी को दिया गया है, टेंडर फाइनल हो गए हैं, एग्रीमेंट होते ही गंज मंडी कॉम्पलेक्स का काम शुरू करवाया जाएगा। निर्माण जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा।
>
> **- सतीश मटसेनिया,** सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### भोपाल की कंपनी को दिया गया ठेका

बताया जा रहा है कि भोपाल की एक कंपनी को मंडी कॉम्पलेक्स पूरा करने के लिए ठेका दिया गया है, टेंडर फाइनल हो गया है, अब एग्रीमेंट फाइनल होते ही मंडी कॉम्पलेक्स का काम फिर से शुरू होगा। हालांकि अभी बारिश खत्म होने का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद काम शुरू करने की बात अधिकारियों द्वारा कहीं जा रही है। बता दे कि मंडी कॉम्पलेक्स के लिए सबसे पहले वर्ष 2014 में 10 करोड़ 40 लाख रुपए की मंजूरी मिली थी, इसके बाद वर्ष 2017 से मंडी कॉम्पलेक्स का निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन 2019 में ड्राइंग डिजाइन संशोधन करके दुकानें बढ़ाने की प्रक्रिया के कारण यह अटक गया। बाद में काम शुरू करने की बारी आई तो अधिक बजट की जरूरत होने और दोबारा बजट बढ़ाकर मंजूरी लेने के चक्कर में काम रुका रहा। अब एक फिर से टेंडर होने के बाद यह उम्मीद की जा रही है इस बात निर्माण पूरा होगा।

### कॉम्प्लेक्स अधूरा होने से अव्यवस्थित हुआ गंज बाजार

गौरतलब है कि गंज मंडी कॉम्पलेक्स में ऊपर दुकानें और बेसमेंट में पार्किंग निर्माण की प्लानिंग की गई थी, क्योंकि गंज में फिलहाल पार्किंग के लिए कहीं भी स्थान चिन्हित नहीं है, जिसके कारण पूरा गंज बाजार ही अव्यवस्थित हो गया है, यदि मंडी कॉम्पलेक्स पूरा होता तो कई गुमठियां सडकों से हट जाती, वहीं व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था भी हो जाती, लेकिन दुकानों के घटाने-बढ़ाने और लागत बढने के फेर में लंबा समय हो गया। इसके अलवा गंज मंडी कॉम्पलेक्स की जगह पर ही सब्जी बाजार भी लगा करता था जो अब सडक पर आ गया है, बाबू चौक गंज से लेकर कॉलेज चौक तक सडकों पर सब्जियों की दुकानें लगाई जाती हैं।

## एक नजर में

### किसानों को मिला 111.05 करोड़ भुगतान

**बैतूल।** जिले में इस वर्ष 4 हजार 386 किसानों से 12,887.70 मीट्रिक टन मूंग का उपार्जन किया गया। खरीदी की कुल राशि 111.89 करोड़ रुपये है, जिसमें से 111.05 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक कृषकों को किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि केवल 19 किसानों की लगभग 84 लाख रुपये की राशि शेष है। इसमें से 45.88 लाख रुपये ईपीओ साइन होकर बैंक की प्रक्रिया में है, जिसका भुगतान शीघ्र हो जाएगा। शेष 38.12 लाख रुपये का भुगतान पहले तकनीकी कारणों से लंबित रहा था, जिनमें किसानों के बैंक खाते की क्रेडिट लिमिट व आधार लिंक की समस्या सामने आई थी। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा अब अपने बैंक खातों में आवश्यक संशोधन एवं अपडेट कर दिए गए हैं। अत: इन खातों में भी शीघ्र ही ईपीओ रिपोर्ट कर भुगतान कर दिया जाएगा। शेष राशि भी बहुत जल्द किसानों के खातों में जमा हो जाएगी और किसी भी किसान को भुगतान से वंचित नहीं रखा जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**बैतूल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितंबर को न्यायालय परिसर बैतूल में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल श्री दिनेश चंद्र थपलियाल के द्वारा शनिवार को प्रात: 10-30 बजे नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जाएगा।

### पिछले 24 घंटे के दौरान 9.3 मिमी वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 854.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 930.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 10 सितंबर 2025 को प्रात- 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 9.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 10 सितंबर 2025 को प्रात- 8 बजे तक तहसील बैतूल में 1.0, घोड़ाडोंगरी में 19.0, चिचोली में 4.0, शाहपुर में 25.2, मुलताई में 19.2, प्रभात पट्टन में 12.4, आमला में 12.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 0.0 तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# समूह ज्ञान प्रतियोगिता में कोरोला प्रथम, वीआईपी द्वितीय

**मुलताई।** भारत विकास परिषद ताप्ती शाखा मुलताई द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन साईराम लान में किया गया था। प्रतियोगिता में नगर के कोरोला पब्लिक स्कूल मुलताई, आनंद पब्लिक स्कूल मुलताई, बसंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मुलताई, ड्रीम्स प्ले स्कूल मुलताई, सांदीपनी शासकीय स्कूल मुलताई एवं विवेकानंद विद्यापीठ मुलताई के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर देशभक्ति गीत गाए।आयोजको ने बताया प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, मातृभाषा हिंदी एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और राष्ट्रगौरव की भावना का विकास करना रहा। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम ने हिंदी एवं संस्कृत गीतों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। प्रस्तुत गीतों में सोने जैसी माटी, अपनी धरती अपना अंबर, ना दिए ना दिए, अमर शहीदों की धरती जैसे हिंदी गीत और देवी दाहिना बालम, जय जय हे भगवती देवी, वंदे सदा सौदसम जैसे संस्कृत भक्ति व देशभक्ति गीत शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां ताप्ती, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद वंदे मातरम का सामूहिक गायन न्यू कार्मल कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर देशमुख मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, प्रकाशचंद्र बोथरा, पूर्व सैनिक संघ के उपाध्यक्ष ललित वराठे उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक देशमुख ने कहा भारत विकास परिषद बीते कई वर्षों से समाज एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य कर रही है। परिषद् के सभी आयोजन समाज को नई दिशा देने वाले हैं। हमें गर्व है कि यह परिषद नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम और संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है।



# बसों से लग रहे जाम की समस्या का समाधान

**बैतूल।** शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई के मार्ग पर अव्यवस्थित खड़ी बसों के कारण आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। इस समस्या से न केवल विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं व अभिभावक प्रभावित हो रहे थे, बल्कि आम राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय पहुंचकर मार्ग पर खड़ी सभी बसों को तत्काल हटवाकर उन्हें विद्यालय के खेल मैदान में व्यवस्थित रूप से खड़ा करवाया। यह सुनिश्चित किया कि अब से विद्यालय मार्ग पर किसी भी बस को खड़ा नहीं किया जाएगा। बस चालकों एवं विद्यालय प्राचार्य को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बसें अपने निर्धारित संख्या के अनुसार मैदान में क्रमबद्ध खड़ी रहेंगी। साथ ही बच्चों को पंक्तिबद्ध होकर संबंधित बसों में बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद बसों को उसी क्रम में सुव्यवस्थित तरीके से रवाना किया जाएगा। प्रशासन ने विद्यालय प्राचार्य को भी निर्देशित किया है कि इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए।



# जमीन बंटवारे को लेकर पति की हत्या, आरोपी पत्नी गिरफ्तार

**बैतूल।** आमला थाना क्षेत्र के डोडावानी गांव में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। मृतक काशीराम यादव (52) अपनी दूसरी पत्नी मंगलवती और छोटे बेटे राजा के साथ रहता था। उनका बड़ा बेटा सतीश, जो पहली पत्नी से था, दादी के साथ अलग मकान में रहता था। रात करीब साढे 12 बजे काशीराम और मंगलवती के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। काशीराम अपनी पैतृक संपत्ति में बड़े बेटे सतीश को ज्यादा हिस्सा देना चाहते थे। इस बात पर हुई कहासुनी के बाद मंगलवती ने घर में रखे लोहे के सरिया से सोते हुए काशीराम के सिर पर कई वार किए। इन वारों से काशीराम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। आरोपी मंगलवती रात करीब 1 बजे अपने देवर को बुलाने गई। परिजनों के मौके पर पहुंचने पर उन्होंने काशीराम को खून से लथपथ खटिया पर मृत पाया। पूछताछ में मंगलवती ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। टीआई राजेश सांतनकर के अनुसार मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी मंगलवती को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# हेल्पलाइन में शिकायत के बाद हटाया अतिक्रमण

**मुलताई। नगर के राजीव गांधी वार्ड में कुछ लोगो द्वारा सड़क पर अतिक्रमण के रखा था। जिससे वाहनों के आवागमन में वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था।**

जिसकी शिकायत करने पर भी समस्या का निराकरण नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई थी। जिस पर शिकायतकर्ता अनिल बारंगे ने सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत करने के बाद सीएमओ वीरेंद्र तिवारी के निर्देश पर नपा कर्मचारियों द्वारा जेसीबी मशीन से सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। शिकायत कर्ता द्वारा शिकायत में बताया कि वार्ड क्र 14 राजीव गांधी वार्ड मुलताई में अतिक्रमणकर्ता मुन्ना पिता महादेव, सोनू पिता राधेलाल, लखन पवार द्वारा पूर्व पार्षद मनोज साबले के घर से मुन्ना पिता महादेव के घर तक शासकीय सड़क के दोनों तरफ पर चबूतरो का निर्माण कर अतिक्रमण अवैध कब्जा किया जा रहा है। आवेदक द्वारा बीते 13 अगस्त 2024 को तहसील कार्यालय मुलताई में आवेदन दिया था,लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। सीएम हेल्प लाइन कि शिकायत के बाद अतिक्रमण हटाया गया है।



# फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. योगेश पवार उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

मुलताई। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर भोपाल के मानस भवन में आयोजित सेकण्ड फिजियो कनेक्ट कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा मुलताई के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.योगेश पवार को ग्रामीण क्षेत्र में फिजियो थेरेपी एवं आस्टियोपेथी जैसी पद्धति से इलाज करने के लिए उत्कृष्ट अवार्ड से सम्मानित किया। डॉ. योगेश पवार नगर में बीते 10 वर्षो से फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में अपनी सेवा दे रहे है। डॉ योगेश पवार के सम्मानित होने पर उन्हें परिजनों एवं मित्रो ने बधाई दी है।



# मुख्य सड़क पर गड्ढों से राहगीर परेशान

**सारनी। वार्ड नंबर 34 की मुख्य सड़क जो शोभापुर स्टॉप तक जाती है, उस पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। सड़क की दुर्दशा से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।**

इस विषय में नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद जगदीश पवार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सड़क पर गड्ढे भरवाए गये थे, किंतु अचानक हुई बरसात के कारण सड़क पर कीचड़ और गड्ढे और गहरे हो गए। उन्होंने आश्वस्त किया कि बरसात थमते ही सड़क की मरम्मत कराकर सभी गड्ढों को भरा जाएगा ताकि राहगीरों को बेहतर सुविधा मिल सके। क्षेत्र में कई सड़कों पर कई गधों की वजह से आम जनता की परेशानी बढ़ती चले जा रही है सड़क पर घटिया रिनिवल कोड ने आम जनता के नाक में दम कर रखा है। अधिकार व इंजीनियर का अलाप है कि ठेकेदारों से मेंटेनेश करवाया जाएगा, कहकर ठेकेदार की तरफदारी करते हुए देखे जा रहे हैं। इनकी मिली भगत का अनुमान से उच्च अधिकारी बेखबर है तत्काल उच्च स्तरीय जांच के आदेश देकर जनता के हित का ख्याल रखना ही जनहित का कार्य करवाने में उच्च अधिकारियों को क्षेत्र की जनता की मदद करनी चाहिए।



# नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार पर कांग्रेस का हल्ला बोल

**भैंसदेही। देर से ही सही लेकिन तहसील मुख्यालय पर कांग्रेस नाम का कोई विपक्षीय दल हैं, जिसे स्थानीय समस्याओं से कोई सरोकार भी है,और इस बात की चिंता भी की नगर में सब कुछ ठीक नहीं है।**

मामला नगर परिषद में फल फूल रहे भ्रष्टाचार का है,जिसे लेकर बीतें दिनों कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता गंभीर भी दिखे और उन्होंने समस्याओ को लेकर ज्ञापन भी सौंपा,ऐसा नहीं है कि इन समस्याओ को लेकर कांग्रेसी अनभिज्ञ थे,या उन्हें नगर में चल रही इस बंदरबांट की जानकारी नहीं थी,जिन समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया वे कोई एक दिन में खड़ी हुई समस्याएं नहीं है फिर भी कांग्रेस अब तक अपनी नींद सो रही थी। ज्ञात हो कि इस परिषद में 15 में से 4 पार्षद कांग्रेस का भी प्रतिनिधित्व करते हैं बावजूद उसके लंबे समय तक उनका मौन नगर की जनता के साथ बड़ा छलावा साबित हो रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर हर छोटी-बड़ी हितग्राही योजना , सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्य,नगर पंचायत के ठेके और आयोजनों से लेकर दैनिक वेतन भोगियों के वेतन और खरीदी लगभग हर क्षेत्र में मची बंदरबांट में कांग्रेसी पार्षदों की चुप्पी पर नगर नागरिक तरह तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं,और यहां कांग्रेस की भुमिका का संदिग्ध होना माना जा रहा है। यहां पनप रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले भाजपा के ही तीन पार्षदों ने आवाज बुलंद की और अनुविभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच किये जाने की मांग की साथ ही परिषद अध्यक्ष के द्वारा किये गये, अवैध अतिक्रमण तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जमीन पर आदिवासी को दिये गये आवासीय पट्टे जैसी गंभीर मांग उठाकर जांच की मांग की है।



# फाइनेंस कंपनी के खिलाफ उपभोक्ता ने की शिकायत

**चोपना।** फाइनेंस कंपनियों द्वारा अनुचित वसूली और जबरन वसूली की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चोपना थाना क्षेत्र के ग्राम शक्तिगढ़ निवासी कृषक रमेश मंडल ने राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लिमिटेड बैतूल द्वारा उनके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया गया। शिकायत में बताया गया है कि रमेश मंडल ने 28 जनवरी 2022 को एक ट्रैक्टर (क्र. एमपी 48-एए 3358) फाइनेंस किया था, जिसकी कुल ऋण राशि 4,23,000 रुपए थी। उन्होंने समय-समय पर सभी किस्तें चुका दीं और अंतिम किस्त 10 अगस्त 2024 को अदा कर दी थी। इसके बावजूद फाइनेंस कंपनी ने बकाया राशि के रूप में 26,512 रुपए अदा करने की मांग की। जब उन्होंने यह राशि नहीं चुकाई, तो कंपनी के रिकवरी एजेन्ट्स ने बिना न्यायालयीन आदेश या विधिक प्रक्रिया के पालन के 08 सितंबर 2025 को पुलिस के साथ मिलकर उनका ट्रैक्टर जब्त कर लिया। रमेश मंडल ने बताया कि वे कम शिक्षा प्राप्त किसान हैं और ऐसी फाइनेंस कंपनियों की भ्रमपूर्ण प्रथाओं के कारण आसानी से झांसे में आ जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें न तो न्यायालयीन आदेश की सूचना दी गई और न ही उचित सूचना प्रदान की गई। उन्होंने राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग से अनुरोध किया है कि कंपनी व उसके एजेन्ट्स के खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई की जाए, गैरकानूनी वसूली प्रक्रिया को निरस्त किया जाए और उन्हें उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए। इस शिकायत के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कम आय वर्ग और कम शिक्षा प्राप्त लोग वित्तीय अनुबंधों में आसानी से धोखाधड़ी का शिकार बनते हैं। उन्होंने जोर दिया कि सख्त उपभोक्ता संरक्षण कानून, प्रभावी निगरानी व व्यापक जागरूकता अभियान के माध्यम से ऐसी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए, ताकि आम उपभोक्ता को न्याय मिल सके।

**राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में शिकायत**

**एजेंट के खिलाफ कार्रवाही की मांग**

# मांगों को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**मुलताई।** संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन, जेलभरो आंदोलन एवं जन आक्रोश रैली के संबंध में भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार डॉ संजय बरैया को सौपा है। भारत मुक्ति मोर्चा में जनार्दन पाटिल,वहीद पठान सहित सदस्यों द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के तत्वाधान में समस्त भारतीयों के मताधिकार के मौलिक अधिकार, संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए और बहुजन समाज के मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार के लिए और उनके ऊपर हो रहे अन्याय अत्याचार के विरोध में न्याय के लिए तथा स्थानीय स्तर के महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर बहुजन सगरी के देशभर के हजारों संगठनों द्वारा राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आदोलन (धरना 10 सितम्बर को आंदोलन और जन आक्रोश रैली की घोषणा की गई है।वर्तमान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों तथा प्रशासन की मूलनिवासी बहुजन समाज नीतियों और बहुजन समाज के ऐतिहासिक व संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा के विरोध में सामाजिक न्याय के लिए किया जा रहा रहा है। जिसमे सभी चुनाव में इवीएम को हटाकर बैलेट पेपर लागू करने के लिए।पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की और सभी जाती समूहों की जातीय आधारित जनगणना करने आदिवासियों पर हो रहे अन्याय के विरोध में,धर्मांतरित आदिवासी एवं ईसाइयों के साथ हो रहें भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में।

# काशी तालाब में योगी की जल समाधि

**बैतूल। जल संरक्षण और प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 72 वर्षीय संत पंडित रामसखा पांडे ने बुधवार दोपहर बैतूल के काशी तालाब में जल समाधि ली।**

**संत ने जल संरक्षण का दिया संदेश**

**चित्रकूट के संत ने पानी में एक घंटे किया योगासन**

चित्रकूट धाम से आए संत ने दोपहर 12 बजे जल साधना शुरू की, जो करीब एक घंटे तक चली। इस दौरान उन्होंने तालाब के जल में पद्मासन और श्वासन जैसे योगासन किए, उनका शरीर जल की सतह पर स्थिर बना रहा। इस अनूठी जल योग साधना को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग तालाब के किनारे एकत्र हुए। सुरक्षा के लिहाज से एसडीईआरएफ की टीम प्रभारी सुनीता पंद्रे के नेतृत्व में मौके पर तैनात रही। पंडित रामसखा पांडे ने कहा, जल और जीवन एक-दूसरे से जुड़े हैं। यदि जल प्रदूषित होगा, तो जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। यह साधना केवल आध्यात्मिक अभ्यास नहीं, बल्कि प्रकृति को बचाने की चेतावनी है। उन्होंने बताया कि वे पिछले 45 वर्षों से देशभर में जल साधना कर रहे हैं और वर्तमान में मैहर के बड़े अखाड़ा में रहकर समाजसेवा करते हैं। उनके चित्रकूट में तीन आश्रम हैं, जहां जल और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलते हैं।

